
# छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा

# कोविड 19 के फैलाव को रोकने की अपील



हम छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के सदस्यगण और उनसे जुड़े शिक्षक, वैज्ञानिक, इंजीनियर, कर्मचारी, अधिकारी, पोस्टमैन, किसान और मजदूर सभी यह संकल्प लेते हैं कि :-

- चूंकि कोरोना वायरस कोविड 19 लगभग थर्ड स्टेज की ओर अग्रसर है इसलिए (जर्मनी के उदाहरण को ध्यान में रखते हुए) आज से मैं और मेरा परिवार कोविड 19 के खात्मे तक बिना अत्यावश्यक कारण के अपने घर से बाहर नहीं निकलेंगे। हम स्वैच्छा से होम आईसोलेशन में रहेंगे । हम ऐसा करने के लिए अपने पड़ोसियों और रिश्तेदारों, विद्यार्थियों, पालकों और सभी परिचितों को भी मोबाइल फोन पर सामाजिक दूरियां बनाएं रखने की समझाइश देंगे और हम राज्य के सभी लोगों के हित में उन्हें इस संदेश को आगे बढ़ाने और इसका पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे।

- हम प्रण करते हैं कि अत्यंत आवश्यक दशाओं में यदि किसी व्यक्ति को दवाईयां खरीदने, सब्जियां या राशन खरीदने अथवा एटीएम से पैसा निकालने अथवा डाक्टर को दिखाने घर से बाहर जाना जरूरी हो तो वह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के बीच कम से कम दो मीटर की दूरी बनाए रखेगा।

- हम उन सभी व्यक्तियों से जो पिछले तीन माह में विदेश यात्राओं से लौटें हैं, कठोरता

से घर पर रहकर होम आईसोलेशन के नियम का पालन करने का आग्रह करते हैं। उनके संपर्क में आए सभी व्यक्ति भी अनिवार्य रूप से होम आईसोलेशन में रहें। हम न सिर्फ अपने परिचितों को इसके लिए मजबूर करेंगे बल्कि यदि वे जानबूझकर होम आईसोलेशन से बाहर निकलते हैं तो हम, सारे शहर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निकटस्थ पुलिस थाने/सर्विलेंस कंट्रोल रूम में इस बाबत सूचना देंगे।

- हम संकल्प लेते हैं कि आज से ही हम अपने घरों में काम करने वाले नौकरों, नौकरानियों, ड्राइवर, खानसामा, माली आदि को माह भर के अग्रिम वेतन के साथ करोना वायरस कोविड 19 खत्म होने तक छुट्टी दे देंगें तथा उन्हें संक्रमण से बचने के लिए बार बार साबुन से हाथ धोने, बगैर हाथ धोये आंख, नाक, मुंह को न छूने तथा अपने गांव, मोहल्लों, शहर में सामाजिक दूरियां बनाएं रखने के लिए आवश्यक समझाईश भी प्रदान करेंगे।

- हो सकता है कि हमारे गांव, मोहल्ले के कुछ व्यक्ति कमाने खाने रोजी रोटी की तलाश में अन्य राज्यों में गये थे और अभी वापस घर लौटे हों। हम उन सभी को अनिवार्य रूप से अपने अपने घरों में होम आईसोलेशन में रहने के लिए (दो मीटर की दूरी रखते हुए) सचेत करेंगे। उन्हें यदि राशन आदि की जरूरत हो तो सहायता करेंगे।

- कोविड 19 के खात्मे तक की अवधि के दौरान हम अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और साफ सफाई के नियमों का पालन करेंगे। हम छींकते खांसते व्यक्ति के सामने जाने से बचेंगे और कम से कम दो मीटर की दूरी बनाकर रखेंगे।

- बेहद जरुरी होने पर कहीं बाहर से घर लौटने पर अपने आप को सही तरीक़े से सेनिटाईज करेंगे। बार बार साबुन से हाथ धोएंगे। बगैर सही तरीक़े से साबुन से हाथ धोए आंख, नाक, मुंह को नहीं छुएंगे। अल्कोहल युक्त सेनेटाइजर का ही प्रयोग करेंगे।

- हम अपने सोशल मिडिया ग्रुप्स में सभी को कोरोना वायरस कोविड 19 के संबंध में वैज्ञानिक विमर्श के लिए प्रेरित करेंगे । हम अपने समूहों में तथ्यहीन अफवाहें और अंधविश्वास फैलाने की कोशिश को  कड़ाई से रोकेंगे तथा सभी साथियों के साथ इस वैश्विक संकट के समय समझबूझ से काम  करेंगे।

- हम अपने जिला प्रशासन से यह भी अनुरोध करेंगे कि बैंकिंग और सब्जी मंडी को सीमित समय के लिए खोले जाने से हो रही भीड़ भाड़ को नियंत्रित करने व्यक्ति से व्यक्ति के बीच दो मीटर की अनिवार्य दूरी रखने का अनिवार्य नियम रखते हुए, इनके खुली रखने की अवधि पूरे दिन के लिए बढ़ाया जाए।

- हम पुनः आप सबसे अपील करते हैं कि इस वैश्विक समस्या से हम सब वैज्ञानिक उपायों का पालन करते हुए स्व-अनुशासित रहकर ही कर सकते हैं। हम सबकी *आज बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि हम सब  सामाजिक दूरियां बनाएं रखें, कोविड19 के समाप्त होने तक खुद को, अपने परिवार और परिचितों को होम आईसोलेशन में रखें और हम सब मानवता को बचाने के लिए समझदारी का परिचय दें। हम सरकार से भी यह अनुरोध करते हैं कि जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक दवाइयों, उपकरणों एवं सेनेटाइजर, मास्क एवं ग्लोव्स की उपलब्धता सुनिश्चित करें और संभव हो तो मास्क एवं सेनेटाइजर का उत्पादन अपने हाथ में लेकर इसे जन साधारण के लिए सुलभ बनाएं।

नोवल कोरोना वायरस कोविड19 का संक्रमण विश्वव्यापी है। यह सब देशों और सभी धर्मों के लोगों के लिए एक जैसा विनाशकारी है अतः इसे जाति, धर्म, संप्रदाय और क्षेत्रों की सीमाओं से उपर उठकर देखें और मिलजुल कर इसके बचाव के लिए आगे आएं। यदि हमारा पड़ोसी इसका शिकार हैं तो हम भी ज्यादा देर सुरक्षित नहीं रह सकते। आईए इस वैश्विक संकट के समय पर्सनल डिस्टेंसिंग रखें और सोशल सोलिडेरिटी बनाएं। डरें नहीं, इसके फैलाव के कारणों को जाने, समझे और दूसरों को भी बताते चलें। हम सब मिलकर कोविड19 के संकट से जीत ही जाएंगे।

## ..... आखिर राष्ट्र, समाज और मानवता के प्रति हमारा भी तो कोई दायित्व है। ....

** अपीलकर्ता **

प्रो एस के पांडेय पूर्व कुलपति, पीआरएसयू, प्रो एम एल नायक, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, विश्वास मेश्राम, डा वाय के सोना, बी के लाल, प्रो अशोक प्रधान, हेमंत खूटे, आलोक शर्मा, सुनील साहू, अंजू मेश्राम, अनुपम जोफर, निधि सिंह, रतन गोंडाने, डा क्रांतिभूषण बंसोड़े, डा कमलकिशोर सहारे, डा जितेंद्र सिंगरोल, डा विवेक दूबे, डा संजय जैन, शरद उके, शिव टंडन, डा नंदकुमार चक्रधारी, डा लक्ष्मीकांत चावरे, प्रो अंबिका टंडन, एएमके भरोस, प्रो शैलेष जाधव, उमाप्रकाश ओझा, शत्रुघ्न धुरंधर, बीव्ही रविकुमार, दिनेश कुमार, डिक्शन मसीह, ओमप्रकाश सेन, लालाराम सिन्हा, राजेंद्र आर्ची, राजेंद्र नेताम, अविनाश यादव, एम डी प्रधान, यशवंत चौधरी, संजीव सुखदेवे, पवन सेन, महेश सांकल्ये, गणेश कछवाहा, एस एच अख्तर, पी एन राव, पीके माने, जीडी राउत, डा सुधीर पंचभाई, डा रमेश सुखदेवे,आदित्य सिंह, आलोक देव, दीपांकर भौमिक, आदित्य चांडक, डा फरहाना अली, अजय भोई, एचकेएस गजेंद्र, आरबीएस बघेल, फैज बख्श, सूर्यकांत सौलखे, एसआर आजाद, नंद कश्यप, संजीव खुदशाह, सुभाषचंद्र शर्मा, आशा मिश्रा, पीसी रथ, शैलेष कुर्रे, डा स्नेहलता हुमने, राकेश सिदार, एएम परियल, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, लोकेंद्र सिंह, पी सुरेश, अरविंद रामटेके, के के शाह, चित्रसेन कोसरे, आर के आर्या, एम के साहू, पवन चन्द्राकर, तेजिंदर जग्गी, राजेश कुमार, टेंकेश्वर मेश्राम, बलदेव यादव, भूपेश्वर योगी, शैलराज नारंग, तपन चौधरी, एम एस खालिद एवं समस्त सदस्यगण छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा